दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO-UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 96 मुरादाबाद, 25 July 2023 (Tuesday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

KNLS Live

सम्पर्क करे-9027776991

न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में

न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

## श्री शिव महापुराण कथा का समापन: सीएम योगी बोले, भारत के कंकड़-कंकड़ में भगवान शंकर विराजमान



मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन माह में भगवान शिव की उपासना का विशिष्ट अवसर कांवड़ यात्रा सांस्कृतिक व सामाजिक एकता का अप्रतिम उदाहरण है। इसमें हर तबके के युवा, महिला व पुरुष भक्ति में लीन दिखते हैं, श्रद्धा के साथ भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं। यह ईश्वरीय भक्ति का चमत्कारिक रूप है। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वृहत्तर भारत में उत्तर से दक्षिण तथा पूरब से पश्चिम तक श्रद्धालुओं को द्वादश ज्योतिर्लिंगों के माध्यम से अलौकिक कृपा का प्रसाद आदिकाल से प्राप्त होता रहा है। भारतीय मनीषा के माध्यम से हम कंकड़-कंकड़ में भगवान शंकर के दर्शन करते हैं। शिव की आराधना से हमें स्वयं के साथ दूसरों के कल्याण की प्रेरणा मिलती है।सीएम योगी सोमवार को गोरखनाथ मंदिर के अंधियारी बाग स्थित मानसरोवर मंदिर में आयोजित सप्त दिवसीय (18 से 24 जुलाई) श्री शिव महापुराण कथा के विश्राम दिवस पर व्यासपीठ के समक्ष अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। व्यासपीठ की पूजा करने के बाद उन्होंने कहा कि पावन श्रावण मास के शुक्ल पक्ष में देवाधिदेव महादेव भगवान शिव की कथा का आनंद प्राप्त होना सौभाग्य है। कहा कि वृहत्तर भारत में कैलाश से रामेश्वरम तक, पूरब में वैद्यनाथ धाम से लेकर पश्चिम में सोमनाथ धाम तक भगवान भोलेनाथ के पवित्र स्थल प्राचीन काल से आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक एकता के जागरण के केंद्र रहे हैं। श्रद्धालु नदियों व तीर्थों से शिला लाकर शंकर के रूप में पूजते हैं और आत्मिक संतुष्टि प्राप्त करते हैं। शिवालय और ज्योतिर्लिंग सांस्कृतिक एकता को मजबूत करते हैं।

### शिव का अर्थ है कल्याण

मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिव का अर्थ ही है कल्याण। जिसमें कपट न हो, प्रपंच न हो, साधना में लीन होकर जो स्वयं व समाज के लिए कल्याणकारी हो, वही शिव का उपासक है। दूसरे के कष्टों को अपने ऊपर ले लेना, दूसरों को अमृत देकर स्वयं विषपान कर लेना ही शिवत्व है। इसलिए स्वयं के कल्याण के साथ दूसरों का कल्याण करना ही वास्तविक शिव पूजन होगा।

### पूजा भाव के अनुसार मिलती है कृपा

सीएम योगी ने कहा कि हम जिसकी पूजा करते हैं, उसके अनुरूप बनने का प्रयास करते हैं। भगवान शिव की पूजा में जाति, क्षेत्र, लिंग का भेद नहीं होता है। मनुष्य के साथ ही मनुष्येतर जीवों यथा देव, किन्नर, यक्ष, गंधर्व, भूत पिशाच को भी भोलेनाथ का सानिध्य प्राप्त होता था। हम जिस भाव से पूजा करेंगे, उसी के अनुसार कृपा भी प्राप्त होगी।सांस्कृतिक व सामाजिक एकता का उदाहरण है कांवड़ यात्रा मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन माह में भगवान शिव की उपासना का विशिष्ट अवसर कांवड़ यात्रा सांस्कृतिक व सामाजिक एकता का अप्रतिम उदाहरण है। इसमें हर तबके के युवा, महिला व पुरुष भक्ति में लीन दिखते हैं, श्रद्धा के साथ भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं। यह ईश्वरीय भक्ति का चमत्कारिक रूप है।

### धर्मस्थलों व सार्वजनिक संपत्ति का करें संरक्षण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी लोगों से धर्मस्थलों, सरकारी व सार्वजनिक संपत्ति के संरक्षण की अपील की। मानसरोवर मंदिर का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि 10-11 वर्ष पूर्व यह मंदिर जर्जर और अव्यवस्थित था। समाज की चेतना जागृत हुई और गोरखपुर के श्रद्धालुओं ने संरक्षण का बीड़ा उठाया तो इसका कायाकल्प हो गया।कहा कि हर धर्मस्थल, सरकारी व सार्वजनिक संपत्ति को सुंदर रखना सबका कर्तव्य होना चाहिए। यदि किसी सार्वजनिक संपत्ति को कोई नुकसान पहुंचाता है तो वह धरती माता, अपनी विरासत व पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता का भाव ईमानदारी से व्यक्त नहीं कर सकता। इसलिए इन स्थलों को न खुद नुकसान पहुंचाएं और न किसी को नुकसान पहुंचाने दें। सीएम योगी ने कथाव्यास संत बालकदास एवं सभी यजमानों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए देवाधिदेव महादेव से सभी लोगों के सुखमय व समृद्धमय जीवन की प्रार्थना की। इस अवसर पर महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास, चचाईराम मठ के महंत पंचानन पुरी, भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, पार्षद पवन त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## यूपी: बीजेपी में शामिल हुए सपा सरकार में मंत्री रहे साहब सिंह सैनी, कुछ और पूर्व विधायक भी हुए भाजपाई



सपा सरकार में मंत्री रहे साहब सिंह सैनी बीजेपी में शामिल हो गए। लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में उन्हें विधिवत भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आज समाजवादी पार्टी सरकार में मंत्री रहे साहब सिंह सैनी ने बीजेपी का दामन थाम लिया। उनके अलावा कुछ और पूर्व विधायकों ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। 2022 विधानसभा चुनाव में खतौली सीट से रालोद के प्रत्याशी रहे राजपाल सैनी, सपा की पूर्व विधायक सुषमा पटेल, पूर्व मंत्री जगदीश सोनकर सहित करीब एक दर्जन लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने विपक्षी दलों के नेताओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इन लोगों के अलावा पूर्व विधायक अंशुल वर्मा, जौनपुर के पूर्व विधायक गुलाब सरोज, वाराणसी से कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी रही शालिनी यादव ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मालूम हो कि बीते दिनों सपा के विधायक दारा सिंह भी बीजेपी में शामिल हुए थे।


### मिशन 80 पर फोकस

बीजेपी लगातार इस बात की कोशिश में है कि वह यूपी में बड़ी जीत दर्ज करे। बीजेपी के नेता बार-बार यह बात दोहरा रहे हैं कि पार्टी का फोकस सभी 80 सीटों को जीतने पर है। पिछले कुछ दिनों से लगातार पार्टी छोटे दलों गठबंधन के साथ दूसरे दलों के प्रभावशाली नेताओं को अपने साथ जोड़ने की कोशिश में लगी हुई है।

### पश्चिम से पूर्वांचल तक विपक्ष को झटका

भाजपा ने पश्चिम से लेकर पूर्वांचल तक विपक्षी दलों को झटका देने की तैयारी की है। पश्चिमी यूपी में सैनी समाज का बड़ा वोट बैंक है। इस समाज के वोट पर साहब सिंह सैनी और राजपाल सिंह सैनी का खासा प्रभाव है। राजपाल ने 2022 में खतौली से रालोद प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था। पूर्वांचल में जौनपुर के मुंगराबादशाहपुर सीट से सपा विधायक रहीं सुषमा पटेल कुर्मी समाज से हैं, पार्टी पूर्वांचल में कुर्मी समाज में अपना जनाधार बढ़ाना चाहती हैं। पूर्व विधायक जगदीश सोनकर भी सदस्यता ग्रहण करेंगे। सोनकर चार बार विधायक रहे हैं। पूर्वांचल के सोनकर समाज में उनकी मजबूत पकड़ है।

## राज्यसभा से 'आप' सांसद संजय सिंह का निलंबन, ये 26 विपक्षी दलों वाले 'इंडिया' का यूनिटी टेस्ट है



दिल्ली सरकार की शक्तियों पर अंकुश लगाने के मकसद से केंद्र के अध्यादेश को लेकर आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने विपक्षी दलों के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की थी। केजरीवाल का इशारा साफ था कि अगर विपक्षी दल, अध्यादेश के मामले में अपना रूख स्पष्ट नहीं करते हैं, तो आप का उनके साथ चलना संदिग्ध रहेगा..आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को मानसून सत्र के तीसरे दिन सभापति जगदीप धनखड़ ने पूरे सेशन के लिए सस्पेंड कर दिया है। वे राज्यसभा में दूसरे विपक्षी दलों के साथ मणिपुर मुद्दे को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। राज्यसभा से आप सांसद का निलंबन, बेंगलुरु की बैठक के बाद 26 विपक्षी पार्टियों का पहला यूनिटी टेस्ट है। विपक्षी पार्टियों के गठबंधन इंडिया में शामिल कांग्रेस सहित अन्य दल, आप सांसद को सस्पेंड किए जाने का कितना विरोध करते हैं, यह देखने वाली बात होगी। बेंगलुरु की बैठक से पहले विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस और आप के बीच खींचतान चल रही थी। हालांकि बैठक से 48 घंटे पहले कांग्रेस ने दिल्ली सरकार को लेकर केंद्र द्वारा लाए गए अध्यादेश का विरोध करने की बात कही, तो दोनों दलों के बीच दूरियां कम हो गईं। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी कह दिया कि वे बेंगलुरु बैठक में शामिल होंगे।दिल्ली सरकार की शक्तियों पर अंकुश लगाने के मकसद से केंद्र के अध्यादेश को लेकर आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने विपक्षी दलों के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की थी। केजरीवाल का इशारा साफ था कि अगर विपक्षी दल, अध्यादेश के मामले में अपना रूख स्पष्ट नहीं करते हैं, तो आप का उनके साथ चलना संदिग्ध रहेगा। 23 जून को पटना में हुई विपक्षी दलों के नेताओं की प्रथम बैठक के दौरान और उससे पहले केजरीवाल की पार्टी की ओर से कहा गया था कि बैठक में अध्यादेश के मुद्दे पर भी चर्चा होनी चाहिए। बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, दोनों ने बैठक में शिरकत की। जब विपक्षी दलों के नेताओं ने प्रेसवार्ता की तो उसमें आप नेता शामिल नहीं हुए। उस वक्त कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा था, अध्यादेश का विरोध तो सदन में होता है। अभी से इसका प्रचार क्यों हो रहा है। इसके बाद जब बेंगलुरु की बैठक की तिथि घोषित हुई, तो दोबारा से केजरीवाल, विपक्ष की मीटिंग में शामिल होने को लेकर आनाकानी करने लगे। उस वक्त नीतिश कुमार और ममता बनर्जी ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई। इस बाबत सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से बात की गई। बैठक से 48 घंटे पहले कांग्रेस पार्टी ने केजरीवाल की बात मानकर उन्हें अध्यादेश को लेकर 'आप' को समर्थन दे दिया। इससे पहले केजरीवाल ने अध्यादेश के मामले को लेकर बिहार के सीएम नीतिश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, तेलंगाना के सीएम के. चंद्रशेखर राव, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन, पश्चिम बंगाल की सीएम एवं टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की थी। बेंगलुरु की बैठक में 26 विपक्षी पार्टियों ने मिलकर अपने गठबंधन का नाम इंडिया रखा। कांग्रेस और केजरीवाल के बीच दूरियां कुछ कम होने लगीं। हालांकि दिल्ली सरकार के अध्यादेश के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी को अपने ही नेताओं की नाराजगी झेलनी पड़ी। केजरीवाल ने मल्लिकार्जुन खरगे के जन्मदिन पर उन्हें ट्वीट कर बधाई दी। राजनीतिक जानकारों का कहना है, चंद दिनों पहले ही इंडिय का गठन हुआ है। बेंगलुरु की बैठक के बाद नीतीश कुमार और लालू यादव को लेकर खटपट की अपुष्ट खबरें आई थीं। हालांकि नीतीश कुमार ने उन खबरों का खंडन किया था। विपक्षी एकता की कड़ी में कांग्रेस और आप को अहम माना जा रहा था। आम आदमी पार्टी को छोड़कर कांग्रेस की पटरी दूसरे दलों के नेताओं के साथ तो बैठ रही थी, मगर 'आप' के साथ दिक्कत थी। विपक्षी एकता की मजबूती के लिए कांग्रेस और आप का साथ, आना जरूरी था।

## बदल गया Twitter का नाम: अब चिड़िया की जगह दिखेगा X, एलन मस्क ने की नए नाम की घोषणा

ट्विटर को अब X के नाम से जाना जाएगा। ट्विटर का डोमेन भी अब Twitter.com से X.com हो गया है। यदि आप &.com पर विजिट करते हैं तो यह आपको twitter.com पर रीडायरेक्ट करेगा। एलन मस्क ने भी इस संबंध में ट्वीट किया है।एलन मस्क ने Twitter में कई बदलावों के बीच अब इसका नाम भी बदल दिया है। ट्विटर को अब ङ्ग के नाम से जाना जाएगा। ट्विटर का डोमेन भी अब Twitter.com से X.com हो गया है। यदि आप &.com पर विजिट करते हैं तो यह आपको twitter.com पर रीडायरेक्ट करेगा। एलन मस्क ने भी इस संबंध में ट्वीट किया है। Twitter के आधिकारिक हैंडल की प्रोफाइल फोटो भी X वाली हो गई है और नाम भी एक्स कर दिया गया है, हालांकि हैंडल अभी भी @twitter है, क्योंकि हैंडल को बदला नहीं जा सकता है। एलन मस्क ने ट्विटर मुख्यालय की एक फोटो शेयर की है जिसपर लेजर लाइट से ङ्ग लोगो बनाया गया है Twitter के लोगो को भी एलन मस्क ने बदलने की तैयार कर ली है। मस्क ने ट्वीट करके इस बदलाव का संकेत दिया है। पहले मस्क ने लिखा था कि जल्द ही हम ट्विटर ब्रांड और धीरे-धीरे सभी पक्षियों को अलविदा कह देंगे। आखिर क्या चाहते हैं एलन मस्क एलन मस्क ने पिछले साल करीब 44 अरब डॉलर में ट्विटर को खरीदा था। उसके बाद से ही वे ट्विटर से रेवेन्यू जेनरेट करने में जूझ रहे हैं। रेवेन्यू के लिए ही एलन मस्क ने ब्लू टिक को पेड किया यानी अब सिर्फ उसे ही ब्लू टिक मिलेगा जो पैसे देगा। इसके अलावा एलन मस्क ने फ्री अकाउंट से ट्वीट करने और ट्वीट देखने पर भी लिमिट लगा दी है।साथ ही डायरेक्ट मैसेज को भी पेड करने जा रहे हैं। एलन मस्क ने कटौती के लिए मालिक बनते की ही कई बड़े अधिकारियों को नौकरी से निकाला था जिसमें भारतीय मूल के ट्विटर सीईओ पराग अग्रवाल भी शामिल थे। एलन मस्क जल्द ही ट्विटर का नया लोगो भी जारी कर सकते हैं।एलन मस्क ने अपनी ट्विटर प्रोफाइल में भी एक्स का लोगो लगाया है। पहले एलन मस्क की फोटो थी। एलन मस्क ट्विटर को सुपर एप भी बना सकते हैं जिसके बाद एक ही प्लेटफॉर्म पर कई तरह की सेवाएं मिलेंगी। आमतौर पर सुपर एप की परिभाषा यही है कि एक ही एप में ग्रोसरी से लेकर सोशल मीडिया और ट्रैवल तक की सेवाएं मिलेंगी।

## संपादकीय Editorial

# Litigative government, when will this series of date after date stop?

Can there be anything more unfortunate than governments embroiling their own people in litigation? Delay in disposal of pending cases not only weakens the faith of the people in the judicial system but also hinders the progress of the country as crores of people go round the courts and waste their time and money instead of focusing on their business. The fact that in 6.3 lakh cases the central government is a party is astonishing. When the central government is fighting so many cases, then it can be easily understood that the state governments will also be fighting a large number of cases. In fact, for this reason also, the number of pending cases from the lower courts to the Supreme Court is increasing. According to a recent figure, the pendency of cases in all types of courts has crossed five crore. This figure also shows that the pendency of cases is increasing rather than decreasing – not only in the lower courts, but also in the High Courts and the Supreme Court. The pendency of cases in the lower courts is increasing at a much faster rate. Five years ago, the pendency of cases in the lower courts was 2.9 crore. Now their number has reached 4.4 crore. This situation should be a matter of deep concern, as it only shows that the judicial system is on the verge of collapse. Undoubtedly, the situation in the High Courts and the Supreme Court is also not satisfactory, because there too the number of pending cases is increasing. Shortage of judges and resources is cited as one of the reasons for the rising number of pending cases. No doubt it is a reason, but it cannot be said to be the only reason. Another major reason for the increasing burden of pending cases is the continuation of date after date. Don't know how many cases are there, which should be resolved in two-four years, but they remain pending for decades. The same is the case with the High Courts and the Supreme Court. The pendency of five crore cases means that many more people await justice, as in many cases more than one person is facing court action. This is a form of harassment by the judicial system. The sad thing is that governments are also involved in this oppression. Can there be anything more unfortunate than governments embroiling their own people in litigation? Delay in disposal of pending cases not only weakens the faith of the people in the judicial system, but also hinders the progress of the country, as crores of people instead of attending to work, go round the courts and waste their time as well as money. The people of the country are fed up with the repeated statements made by the policy makers that pending cases are a big problem and delay in justice is injustice, because even after expressing all the concerns, the result is just plain dark. After all, what is the value of that concern, which does not help in solving the problem?

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# Insensitive politics, in the case of crimes against women, there is no talk of any particular state

After the gruesome incident of sexual assault on two women in Manipur, the way various parties are leveling allegations against each other over other shameful incidents of women harassment is cheap politics and insensitivity to crimes against women. Due to this attitude of politics, crimes against women are not being effectively curbed. Undoubtedly, the incident of Manipur is far more frightening and disturbing, but it does not mean that the shameful incidents of sexual violence and harassment of women in other parts of the country should be ignored or it should be shown that it happens all the time. Recently, in Malda, Bengal, two women were publicly thrashed in a half-naked state by tearing their clothes. He was suspected of theft. Is it normal to strip and thrash women caught on suspicion of theft? Does it suit a civilized society? Due to political reasons in Bengal also, some similar incidents happen to women, as happened in Manipur. Can anyone forget how Trinamool supporters looted and burnt houses of opposition party workers in the presence of police and sexually assaulted their women after the last assembly elections in Bengal? So much terror was created then that hundreds of people fled to Assam to save their lives. Bengal also witnessed gruesome violence in the recent panchayat elections, but most of the parties kept mum as Mamata is reportedly a secular leader. Along with other parties, the Congress is also attacking the BJP over the incident in Manipur. It is natural, but should it be ignored that a minister of the Rajasthan government was sacked when he said that we have failed to protect women and looking at the atrocities being committed against them, we should look inside instead of Manipur. Certainly, in the case of crimes against women, it is not a matter of any particular state. Atrocities continue to happen to them in every part of the country and sometimes it is so terrible that the country has to be ashamed, but political parties, many intellectuals and even a part of the media in India and abroad also express their indignation seeing that under which party's rule the incident took place? Accordingly, their sensitivity awakens. This is narrow-mindedness of the worst kind. Sexual harassment of women happens all over the world due to mutual conflict and political-social disharmony, but due to political pettiness in their country, double standards are shamelessly adopted in their case. Along with other parties, the Congress is also attacking the BJP over the incident in Manipur. It is natural but should it be ignored that a minister of Rajasthan government was sacked when he said that we have failed to protect women and looking at the atrocities being committed against them, we should look inside instead of Manipur.

# Uproar instead of discussion, it is difficult for the general public to understand whose side is right

It is ironical that when the Opposition in the Parliament should come together to assure the people of the country and Manipur in particular, then they are stuck on the rule of discussion. The ruling party is saying that it is ready for discussion but the opposition is alleging that it is running away from the discussion. It is difficult for the general public to understand whose side is correct. Nothing can be more unfortunate and disheartening than this that the shameful incident in Manipur which has stirred up the entire country, instead of being discussed in the Parliament, there is only uproar. This uproar took place in both the Houses for the second consecutive day. After all, what other message would be being sent to the country by this ruckus that our political parties are neither serious nor ready to hold any meaningful discussion on a serious matter? The behavior of political parties in the Parliament is disappointing. No discussion could be held in Parliament regarding Manipur for the last two days because the ruling party and the opposition are not able to agree on the rules under which the discussion should take place. After all, is the debate necessary or under which rule should it happen? This is not the first time that an important matter has not been discussed in the Parliament because of the rules under which it should be held. This happens often and sometimes there is uproar for several days. A similar situation seems to be happening this time too. As always, the ruling party and the opposition are accusing each other of avoiding discussion. There is no value of such allegations, because somewhere both the parties are responsible for the failure of the discussion. It is difficult to understand why both the parties cannot agree on under which rule the discussion should take place. Can't a middle ground be found for discussion? Undoubtedly, it can be extracted, if the aim is to give direction to the country by having a serious discussion on a particular subject. It is ironic that when the Opposition in the Parliament should come together to assure the country and the people of Manipur in particular, they are tussling over the rule of discussion. The ruling party is saying that it is ready for discussion, but the opposition is alleging that it is running away from the discussion. It is difficult for the general public to understand whose side is right. She is just seeing that the discussion is not happening. There are good reasons to believe that this tendency to put each other down has completely eroded the harmony between the parties. This is not a good sign, because the Parliament can function only when both the parties agree on the modalities of running the House together. Now this is becoming rare. The situation is such that the opposition leaders lay a lot of emphasis on discussing various topics, but often they reach the House with placards written on them. This only shows that they are not serious about meaningful debate in the Parliament.

# No offense in communication

About twelve years ago, the Niira Radia episode, which shook the country's politics, ruling establishment, industry and media, is now again in the news. The CBI on Wednesday told the Supreme Court that no crime has been found in its probe into recorded conversations of former corporate lobbyist Niira Radia with several politicians, industrialists and government officials. It is also interesting that the inquiry report was submitted in the year 2015 itself. If the result of the submitted report has come to know now, it clearly means that not much interest has been taken in this 'high profile' case in the past years. Usually in such cases it is difficult to prove anything. Mutual communication, coordination for any benefit and trying to get decisions according to your own can not be said in the category of any crime. Innumerable people are involved in every decision, every decision can be right for someone and unfavorable for someone. Therefore, it is not surprising if the CBI has not found evidence of any crime in the Niira Radia case. However, the court hearing in the Niira Radia case will start from October, so before that the CBI will probably need to file another status report. Actually, this whole matter has arisen due to a petition filed by famous industrialist Ratan Tata. Some tapes were leaked in the year 2010 and Ratan Tata demanded an inquiry into the audio tape leak, calling the leak a violation of his right to privacy. In addition, the Center for Public Interest Litigation, an NGO, also pressed for an investigation into the tapes and demanded that the tapes be made public. Mind you, the number of taped dialogues is 5,800. It is also interesting that these tapings were being done for surveillance or investigation of tax evasion. The matter of tax evasion became small, the interaction between the upper class people came to the fore prominently. It is also a matter of note that more than 13-14 years have passed since these interactions. The Supreme Court had come to know about how corporate lobbyists and dignitaries talk to each other in the country in the year 2013 itself and those conversations among the people were also in limelight, but now it is not easy to find sources of crime in them. Meaning, in the absence of evidence, it is up to the court to proceed with the case. The Supreme Court, while ordering a CBI probe in 2013, had pointed out the collusion between the lords or influential sections of the country, but later lost seriousness. Well, many things happen in and around the ruling class in our country, which should not happen, but there is a great lack of measures and means to stop these things. People have not forgotten, about thirty years ago the Vohra Committee report was tabled in the Parliament, highlighting the criminal-politician-officer nexus, but little action was visible on the ground. In fact, improvement in any field is a collective responsibility, so we should think about how eager the common people themselves are for any improvement.

# अब बंदी की रिहाई में जमानतदार का नहीं फंसेगा पेंच, नियमों में हुआ बदलाव




मुरादाबाद। जमानत मिलने पर सात दिन में रिहाई न होने पर जेल प्रशासन कोर्ट को देता है जानकारीजमानत मिलने के बाद अब कोई भी बंदी जेल में निरुद्ध नहीं रहेगा। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से पारित एक आदेश के उपरांत जिला कारागार प्रशासन सक्रिय हो गया है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक पीपी सिंह ने कोर्ट के आदेश का अनुपालन करते हुए पिछले महीने जून तक 31 बंदियों को जेल से रिहा कर चुके हैं। इधर, जुलाई में भी 22 बंदियों को निजी मुचलके पर ही जेल से रिहा करने की तैयारी है। उन्होंने बताया कि जेल में निरुद्ध बंदियों को यदि कोर्ट से जमानत पर रिहा होने की अनुमति मिल जाती है और वह जमानतदार के नहीं मिलने से जेल में ही निरुद्ध रहते हैं। इस तरह के नियमों में अब बदलाव हो गया है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने बताया कि बंदियों को संबंधित कोर्ट बेल ऑर्डर ( जमानत आदेश ) की एक प्रति अविलंब जेल को कोर्ट से मेल पर आ जाती है। इसके बाद उसके बारे में संबंधित बंदी को जेल अधिकारी सूचित करते हैं। फिर बंदी को अधिकतम सात दिन के अंदर जेल से रिहा किया जाता है।लेकिन, जमानतदार न मिलने की बाधा में जब बंदी की रिहाई अटकती है तो उस स्थिति में इसकी सूचना जेल अधीक्षक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ( डालसा ) सचिव को देते हैं। इसके बाद डालसा प्रकरण को कोर्ट से अवगत कराती है और प्रक्रिया पूरी करने के बाद बंदी को निजी मुचलके ( अंतरिम जमानत ) पर छोड़ने की अनुमति प्राप्त होती है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने बताया कि संबंधित बंदी की जमानत संबंधी आदेश कब हुआ और उसकी रिहाई किस तिथि में हुई, इसका विवरण भी कंप्यूटर साफ्टवेयर पर अंकित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोर्ट से बंदी के लिए जमानत की शर्तों और निर्धारित जमानत राशि में ढील देने के लिए भी कोर्ट के निर्देश हैं। इसके आधार पर बंदी की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का पता लगाने का काम डालसा के अधिकारी करते हैं। फिर संबंधित रिपोर्ट डालसा के सचिव तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं।

### जमानत में बदलाव से जेल व बंदी को लाभ

वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद जेल में काफी संख्या में बंदियों को लाभ मिला है और वह निजी मुचलके पर ही रिहा हुए हैं। वैसे काफी संख्या में बंदी जमानत मिलने के बाद भी जमानतदार के अभाव में जेल में पड़े रहते थे। उन्होंने बताया कि अंतरिम जमानत का सबसे बड़ा लाभ बंदियों को है कि जैसे किसी घर का मुखिया ही जेल में निरुद्ध है और जमानत मिलने पर वह जेल में रहने के दौरान जमानतदार का इंतजाम नहीं कर पाता है, उस स्थिति में वह जब अंतरिम जमानत पर छूटता है तो नियत दिनों में जमानतदार की व्यवस्था कर लेता है। जेल प्रशासन को लाभ ये है कि अंतरिम जमानत मिलने से बंदी के रिहा होने पर बैरक में जगह खाली होती है।

### लोक अदालत से 60 बंदी रिहा

जेलर मृत्युंजय पांडेय ने बताया कि बंदियों को लोक अदालत के आयोजन का बड़ा लाभ मिलता है। अभी 15 जुलाई को हुई लोक अदालत में 113 बंदियों के प्रकरण निस्तारित कराए गए हैं। इसमें से 60 बंदी जेल से रिहा भी हो गए हैं। शेष का भी एक-एक केस निस्तारित हुआ है, हालांकि वर्तमान में वह अन्य मामले में जेल में निरुद्ध हैं। इनकी सजा की अवधि हाल ही में पूरी होने वाली है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का लाभ बंदियों को मिल रहा है। साथ जेल की व्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। कोर्ट ने बंदियों को विकल्प दिया है। जमानत भरने के लिए बंदियों को एक माह का मौका देकर जेल से रिहा किया जा रहा है। यदि वह जमानत नहीं भरवा पाते हैं तो उन्हें दोबारा फिर जेल में आना पड़ेगा।- **पीपी सिंह, वरिष्ठ जेल अधीक्षक**

## दिल्ली के युवक की मुरादाबाद के होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

मुरादाबाद। रेलवे स्टेशन के समीप दिल्ली रोड पर स्थित होटल रेगल में सोमवार सुबह दिल्ली के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक गौरव प्रताप सिंह दिल्ली जल निगम मुख्यालय कर्मचारी बताया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने गौरव की मौत का कारण हार्ड अटैक होना बताया है। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि गौरव की सोमवार सुबह हार्ट अटैक से मृत्यु होने की बात सामने आ रही है लेकिन, फिर भी उसकी मौत का कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## शिवभक्तों ने मंदिरों में किया जलाभिषेक, हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा वातावरण



मुरादाबाद-शिवालयों में सुबह से शिवलिंग पर जल चढ़ाने को लगी रही भक्तों की लाइन चौरासी घंटा मंदिर, ढाप वाले मंदिर, मनोकामना मंदिर, आशियाना के शिवशक्ति मंदिर, हरथला शिवमंदिर में भक्तों ने की पूजा अर्चनासावन के तीसरे सोमवार को चारों ओर हर हर महादेव का जयघोष गूंजता रहा।

कांवड़िए बड़ी संख्या में हरिद्वार और बृजघाट से गंगा जल लेकर महानगर पहुंचे और भोर की पहली किरण के साथ ही मंदिरों में जलाभिषेक के लिए लाइन लगनी शुरु हो गई। बोल बम, जय जय शिवशंकर का जयघोष करते हुए कांवड़ियों के जत्थे मंदिरों में पहुंचे। दूसरी ओर महानगर के चौरासी घंटा मंदिर, ढाप वाला मंदिर, शिवशक्ति मंदिर, हरथला शिवमंदिर सहित अन्य मंदिरों में पहुंचकर शिवभक्तों ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। फूल, बेलपत्र, फल आदि चढ़ाकर अपने आराध्य देव से मनोकामना पूरी करने की मनुहार कर सुख समृद्धि और लोक कल्याण की कामना की।

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढ़ता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

# अपरिचित से रहें सतर्क, लालच साफ करा देगा बैंक खाता


मुरादाबाद-बिजली बिल जमा करने या अन्य एप डाउनलोडिंग में भी शिक्षित लोग हो रहे हैं ऑनलाइन ठगी के शिकारअपरिचित कॉलर से आप बिल्कुल सतर्क रहें, वह आपको ठगने के लिए विभिन्न तरह के लालच देगा। कहीं बता सकता है कि आपकी 25 लाख की लाटरी निकली है तो कहीं कहेगा आप एप डाउनलोड करें और घर बैठे पैसे कमाएं या बिजली बिल आदि का भुगतान करें। इस तरह के लालच देकर जालसाज आपके बैंक खाते को खाली कर सकते हैं। मंडी चौके निवासी अनूप बंसल पेशे से अधिवक्ता हैं। उन्होंने बताया कि पिछले साल सितंबर में उनके मोबाइल पर अपरिचित की कॉल आई। उसने बिजली बिल जमा करने का मैसेज किया, जिसे उन्होंने देखा और फिर कॉलर ने एनीडेस्क एप डाउनलोड करने को बोला। उन्होंने कॉलर के द्वारा बताए गए एप को मोबाइल पर इंटरनेट से एनीडेस्क एप डाउनलोड कर लिया।इसी दौरान उनके बैंक खाते से 2.35 लाख रुपये कट गए। ऑनलाइन ठगी से परेशान होकर उन्होंने साइबर सेल थाने में शिकायत दर्ज कराई। कुछ समय बाद उन्हें साइबर सेल टीम ने बताया कि उन्होंने खाते में पैसा होल्ड कर दिया है। लेकिन, उनकी रकम अब तक वापस नहीं हुई। अनूप बंसल कहते हैं कि जालसाजों के लालच में काफी लोग फंस रहे हैं। महिलाएं थोड़े लालच में आकर बैंक खाता नंबर ही नहीं ओटीपी तक अपरिचित कॉलर को बताकर धोखाधड़ी का शिकार हो रही हैं।

### लालच के चक्कर में गंवा दिए 3.66 लाख रुपये

चंद्रनगर के आशीष सिंह की पत्नी प्रियंका सिंह 25 लाख रुपये की लाटरी के लालच में आ गई और आठ बार में बैंक खाते से बड़ी रकम 3.66 लाख रुपये गवां दिए। खाते से ये रुपये 31 अगस्त से 3 सितंबर 2022 के बीच कटे। आशीष को बताया भी नहीं और वह मायके बनारस चली गईं। कुछ दिन बाद जरूरत पड़ी तो आशीष एटीएम पर पैसे निकालने गए, बैलेंस जीरो देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। पत्नी को फोन किया तो वह रोने लगी और आपबीती बताई। फिर आशीष ने पुलिस की मदद के लिए पहले कई दिन सिविल लाइंस थाने के चक्कर काटे। एसएसपी के यहां अर्जी लगाई तो उनका नौ सितंबर 2022 को साइबर सेल थाने में केस दर्ज हुआ। लेकिन, अभी तक इनके बैंक खाते में एक रुपये तक वापस नहीं लौटा है। आशीष लाकड़ी में एक्सपोर्ट में काम करते हैं। बताया, बड़ा बेटा 12 साल का है और बेटी 10 साल की। कहा, समझ नहीं आता कि इन बच्चों की परवरिश वह कैसे करेंगे। बड़ी मेहनत और खान-पान, रहन-सहन में कंजूसी कर बचत खाते में जमा की थी।मिनी बैंक के चक्कर में खाते से कट गए 2.61 लाख-पीलकपुर डिलारी के योगेश चौहान से पिछले साल मई में ऑनलाइन ठगी हुई थी। उनके 2,61,306 रुपये खाते से चोरी हो गए थे। इनका प्रकरण साइबर सेल थाने में दर्ज है। योगेश जन सुविधा केंद्र चलाते थे। ठगी होने के बाद उन्होंने यह केंद्र बंद कर दिया और ऑनलाइन डिजिटल से जरूरतमंदों को सोशल मीडिया यूज के बारे में सीख देते हैं। हेल्थ से संबंधित योजनाओं के बारे में भी जानकारी देते हैं। योगेश ने बताया, उन्होंने मिनी बैंक के लिए गूगल पर ऑनलाइन आवेदन किया था। कुछ समय बाद उनके पास अपरिचित कॉल आई। कॉलर ने योगेश से कहा, वह आरबीआई से बोल रहा है। योगेश ने कॉलर को तवज्जो देते हुए जैसा उसने बताया वैसा ही वह ऑनलाइन प्रोसेस करते गए। नतीजा ये हुआ कि उनका तीन बार में कुल 2,61,306 रुपये खाते से साफ हो गये। योगेश ने बताया कि, एसएसपी कार्यालय से लेकर साइबर सेल थाने तक काफी दौड़भाग की तो केवल 5,000 रुपये वापस खाते में आ पाए थे।जालसाजी में बैंक खाते से कटने वाला पैसा यदि रिकवर नहीं हो पाता है तो प्रकरण को संबंधित थाने में रेफर कर देते हैं। फिर वहां उसकी छानबीन होती है। इस तरह थाना पुलिस ने कई जालसाजों को पकड़ा भी है और जेल भेजा है। पीड़ित का पैसा जिस खाते में ट्रांसफर होता है, यदि उस खाते में पैसा पड़ा है तो रिकवर होने की संभावना रहती है। लेकिन, यदि पैसा जालसाज अन्य खातों में ट्रांसफर कर चुका है और उस खाते में बैलेंस जीरो है तो पीड़ित के रुपये रिकवर करना मुश्किल हो जाता है। रिकवरी का पैसा बैंकिग के ऑटोमैटिक सिस्टम से संबंधित पीड़ित के खाते में ही आता है।- सुभाष , नोडल अधिकारी, साइबर सेल

# गली-गली में मसाज सेंटर, अनदेखा कर रही पुलिस

मुरादाबाद-एसएसपी से मिले थे मोहल्ले वाले, नहीं मिली मदद तो खुद संभाला था मोर्चा दीवार पर आकर्षक तस्वीरें, शीशा और स्क्रीन पर मनमोहक अदाओं का प्रदर्शन, बाल और चेहरे की स्टाइलिस दिखाने का प्रयास। जी हां, यह अपील और पहचान है बॉडी मसाज-स्पा सेंटरों की। मगर दावा और सेवाओं का सच बहुत ही स्याह है। मझोला थाना क्षेत्र के विकास नगर के लोगों ने इसके पर्दे के पीछे का सच सामने ला दिया था। यहां आपत्तिजनक गतिविधि पकड़ी गयी। ऐसे ही अनगिनत केंद्र हैं महानगर में। लेकिन, पुलिस इनकी अनदेखी कर रही है। कुछ असरदार और जिम्मेदारों की कृपा से ऐसे संदिग्ध लोगों का मन बढ़ा हुआ है। मंडी पुलिस चौकी क्षेत्र के विक्रमनगर मुहल्ले के उमेश शर्मा ने मसाज सेंटर के आपत्तिजनक क्रिया-कलाप प्रकरण में तीन लोगों को नामजद कराया है। पुलिस की मदद बगैर 12 जुलाई की रात विक्रमनगर के शलभ, नैपाल सिंह, गजराम सिंह ने क्रिस्टल बॉडी मसाज सेंटर का सच देखा था। यहां पर लक्की नामक युवक व एक युवती आपत्तिजनक अवस्था में पकड़ में आए थे। पुलिस ने लक्की को जेल भेजा, जबकि नामजद सत्येंद्र सिंह फरार है। तहरीर में उमेश कुमार शर्मा ने सेंटर संचालक मेहताब का भी नाम अंकित किया है लेकिन, पुलिस ने केस में इसे शामिल नहीं किया है। कहने का आशय ये है कि महानगर के लगभग सभी मुहल्लों-वार्डों में ही नहीं, गलियों में भी मसाज-स्पा सेंटर हैं। अधिकांश संचालक गैर जिलों या बाहरी राज्यों के हैं। संचालित सेंटरों




में संदिग्ध गतिविधियों को लेकर आसपास के निवासी सामाजिक परिवेश और अपने बच्चों के भविष्य को लेकर परेशान हैं।

### एसएसपी से मिले थे मोहल्ले वाले

गजराज सिंह, नैपाल सिंह चौहान, उमेश कुमार शर्मा, अशोक पाल सिंह, राजीव कुमार, अमित कुमार गुप्ता, राजेश शर्मा, देव प्रकाश गुप्ता, वेद प्रकाश सारस्वत मझोला थाना क्षेत्र के विक्रमनगर के रहने वाले हैं। इन्होंने थाना-चौकी से लेकर एसएसपी, डीआईजी और गाजियाबाद में एसपी सीबीआई तक को अपनी अर्जियां पहुंचाई। गुहार लगाई कि मुहल्ले में सत्येंद्र के तीन मंजिला मकान के ग्राउंड फ्लोर पर संचालित क्रिस्टल बॉडी मसाज सेंटर बंद कराया जाए। इनकी गतिविधियां संदिग्ध हैं। उमेश शर्मा ने बताया कि वे लोग क्रिस्टल बॉडी मसाज सेंटर के खिलाफ कार्रवाई को लेकर 17 जून को एसएसपी से मिले थे। उन्होंने कार्रवाई का भरोसा भी दिया था। मगर कुछ नहीं हुआ।सुनिए मंडी चौकी इंचार्ज की... मंडी चौकी इंचार्ज देवेंद्र कुमार का कहना है कि विक्रमनगर में क्रिस्टल बॉडी मसाज सेंटर उनकी पुलिस चौकी से महज 300 मीटर दूर है। लेकिन, इस बारे में उन्होंने कभी ध्यान नहीं दिया। कहा, सेंटर मेहताब का है, वह गाजियाबाद या नोएडा का रहने वाला है। सेंटर में एक महिला बैठती है। सेंटर सत्येंद्र कुमार के तीन मंजिला मकान में किराए पर चलता है। उन्होंने बताया कि एसएसपी से मुहल्ले वालों ने शिकायत की तो सेंटर पर कोई दूसरे दरोगा जांच करने गए होंगे, वह नहीं गए थे। बताया कि मंडी चौकी पर तैनात हुए उन्हें अभी पांच-छह महीने हुए हैं। सत्येंद्र पकड़ में नहीं आया है।

### विक्रमनगर वालों ने एसएसपी को दी थी सेंटरों की सूची

गैलेक्सी स्पा पॉर्लर, गेट नंबर तीन के सामने साईं हॉस्पिटल के कांप्लेक्स थाना मझोला। क्रिस्टल स्पा पॉर्लर-धर्मकांटा दिल्ली रोड थाना मझोला। एरोमा स्पा एवं बुद्धा स्पा सेंटर, कुंदन पेट्रोल पंप के पीछे थाना मझोला। न्यू गैलेक्सी स्पा मसाज पॉर्लर-ब्रेड फैक्ट्री के पास खुशहालपुर रोड। रॉयल थेरेपी स्पा-वाणिज्य कर विभाग कार्यालय के पीछे रामगंगा विहार कॉलोनी। न्यू लैंड स्पा- स्वयंवर होटल के पीछे रामगंगा विहार कॉलोनी। जस्ट रिलैक्स स्पा- गजल बार के सामने रामगंगा विहार कॉलोनी। गोल्डेन स्पा- साईं मंदिर रोड, सिविल लाइन। ग्लैमर स्पा-कांठ रोड हरथला, सिविल लाइन पुलिस चौकी के पास। पहले भी खनन के मामले में एसएसपी को सतर्क किए थे। अब मसाज सेंटरों का मामला आ गया है। वैसे इन मसाज सेंटरों के बारे में पुलिस जान जरूर रही होगी। जब इन मसाज सेंटरों को बाहरी लोग संचालित करा रहे हैं तो इसमें कई लोगों को सहयोग भी हो सकता है। फिर भी हम जांच कराएंगे।- आन्जनेय कुमार सिंह, मंडलायुक्त

मसाज सेंटर में संदिग्ध गतिविधियों से जुड़ी कोई शिकायत मेरे सामने नहीं आई है। हो सकता विक्रमनगर मुहल्ले के लोग ऑफिस में किसी और से मिलकर लौट गए हों। फिर भी हम इस मामले की जांच कराएंगे।- हेमराज मीना, एसएसपीमसाज-स्पा सेंटर हमारे यहां पंजीकृत नहीं हैं। हो सकता है ये सेंटर राजस्व विभाग या स्वास्थ्य विभाग में पंजीकृत हों। हम तो बरात घर, बार, बीयर शॉप, होटल का लाइसेंस देते हैं।- आरती सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी-नगर निगम

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## पुरुषोत्तम मास में जगह-जगह भगवान शंकर के शिवालय मैं भक्तों का ताता लगा



हारून बख्श
क्यूँ न लिखूँ सच
फर्रुखाबाद -फर्रुखाबाद मे सावन सोमवार पुरुषोत्तम मास में जगह-जगह भगवान शंकर के शिवालय मैं भक्तों का ताता लगा रहता है बम बम भोलेनाथ के नारे हर हर महादेव उचिया मोहल्ले में शिवालय रुद्राभिषेक भगवान शंकर का पंचामृत गंगाजल शहद दूध दही द्वारा किया गया 101 कन्याएं प्रसादी की व्यवस्था रही कमेटी के समिति के लोग भंडारा किया और भगवान शंकर का अभिषेक किया पांडेश्वर नाथ मंदिर में राम कथा शिवचरण अग्निहोत्री मुन्ना पत्रकार की मां हर साल की तरह सावन में परीक्षित बनकर भगवान शंकर की और राम कथा भक्तों को हमेशा सुन जाती हैं रामकथा का चरित्र भरत राम का मिलन संगम पर गंगा यमुना सरस्वती प्रयागराज तीर्थ ने भरत जी को आशीर्वाद देकर भरत लेकर चले खड़ा यू राम की गाने पर भक्तों ने नृत्य कर अपने को धन्य किया उत्तर प्रदेश सीहोर वाले पंडित जी प्रदीप जी मिश्रा के द्वारा मैनपुरी में शिव पुराण कथा का भव्य आयोजन किया गया सावन का महीना पुरुषोत्तम मास में दान पुण्य धर्म दया अधिक महत्त्व बताया गया मुन्ना पत्रकार के द्वारा राम जी का सुंदर भजन सुना कर आरती प्रसाद भक्तों को वितरित किया गया

## कायमगंज के लगे गांव बड़ा बाजार में लोग शिकायत करते दिखाई दिए



हारून बख्श
क्यूँ न लिखूँ सच
फर्रुखाबाद - फरुखाबाद कायमगंज नगर कोतवाली क्षेत्र कायमगंज के लगे गांव बड़ा बाजार में शिकायत करते हुए जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक के सामने आए उन्होंने अपनी बात को लेकर कहा
कि बाग को दबंगों ने काटा है शिकायत करते गांव के ही आशु निवासी गोटोला बीए मकसूद पुत्र शकूर खान तालिब पुत्र साजिद निवासी मऊ सिराबाद बड़ा बाजार कायमगंज जो कि दबंग लोग हैं केले की हरी फसल जबरन गुंडई के बल पर काट दी मना करने पर गाली गालौज और मारपीट करने पर उतारू हो गए
